**SESSION: 2024-25**

**उत्तरकुंजी**

**कक्षा : पाँचवीं** **विषय: हिंदी**

## 7. वृक्ष और पक्षी
### अभ्यास-प्रश्न

**बोध और विचार**

**बहुविकल्पी प्रश्न**

उत्तर—1. (ख (2. (क (3. (ग (4. (घ (5. (घ( 6. (घ (7. (घ (8. (ग( (क(

**मौखिक प्रश्न**

**प्रश्न 1. राजा कैसा व्यक्ति था?**
उत्तर—राजा अनपढ़, नासमझ और ज़िद्दी था।

**प्रश्न 2. वृक्षों से होने वाले कोई दो लाभ बताओ।**
उत्तर—वृक्षों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, इनसे हमें छाया मिलती है। वृक्ष वर्षा लाने में सहायक होते हैं।

**प्रश्न 3. पशु-पक्षी हमारी किस प्रकार सहायता करते हैं?**
उत्तर—पक्षी कीड़े-मकोड़ों को खाते हैं जिससे उनकी संख्या अधिक नहीं बढ़ती। इस प्रकार वे वातावरण को साफ रखते हैं। पशु हमें दूध, माँस, ऊन आदि चीज़ें देते हैं।

**प्रश्न 4. यदि मांसाहारी पशु नहीं होते तो क्या होता?**
उत्तर—मांसाहारी पशु ना होते तो छोटे जानवरों की संख्या बहुत बढ़ जाती और उन्हें खाने के लिए पर्याप्त मात्रा में घास नहीं मिलती।

**(ख (लिखित प्रश्न**

**प्रश्न 1. राजा को क्रोध क्यों आया?**
उत्तर—पेड़ पर बैठी एक चिड़िया ने राजा के सिर पर बीट कर दी थी। राजा का सिर और कपड़े गंदे हो गए थे इसलिए राजा को क्रोध आया।

**प्रश्न 2. क्रोध आने पर राजा ने क्या आदेश दिया?**
उत्तर—राजा ने मंत्रियों को आदेश दिया कि देश के मार्गों के सभी वृक्ष काट दो, जंगलों को जला दो और पक्षियों को मार दो।

**प्रश्न 3. राजा ने पेड़ कटवाने के पीछे क्या कारण बतलाए?**
उत्तर—राजा ने बताया कि आँधी-तूफान से वृक्ष उखड़कर सड़क के बीच गिर जाते हैं जिनसे अनेक सड़क दुर्घनाएँ होती हैं। इन वृक्षों की आड़ में शत्रु सैनिकों को छिपने का अवसर मिलता है। पक्षी वृक्षों पर घोंसले बना लते े हैं और वृक्षों के नीचे खड़े यात्रियों पर पक्षी बीट कर देते हैं

**प्रश्न 4. कीड़े-मकोड़ों की संख्या क्यों बढ़ गई?**
उत्तर—वृक्षों के कटने पर पक्षियों ने अन्य देशों में शरण ले ली। पक्षी कीड़े- मकोड़ों को खाते हैं। उनके अभाव में देश में कीड़े-मकोड़ों की संख्या बढ़ गई।

**प्रश्न 5. पेड़-पौधे न होने से प्रजा को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था? कोई तीन कठिनाइयाँ लिखो।** उत्तर—पेड़-पौधों के कटने से वातावरण दूषित हो गया। अनेक बिमारियाँ फैल गई। वृक्षों के अभाव से वर्षा नहीं हुई जिससे फसलें नष्ट हो गई और खाने-पीने

की चीज़ों के दाम बढ़ गए। वृक्षों के कटने से पक्षी अन्य देशों में चले गए, इस कारण कीड़े-मकोड़ों की संख्या बढ़ गई।
(ग (रिक्त स्थान भरो: 1. बीट 2. दुर्घटनाएँ 3. प्रदूषित 4. लूटने 5. मेघ, जीवन, हँसी-खुशी

## 8. प्रिटोरिया जेल से

**अभ्यासप्रश्न-**

**बोध और विचार**

**बहुविकल्पी प्रश्न**

उत्तर—1. (क (2. (घ (3. (घ (4. (ख (5. (घ( 6. (घ (7. (क (8. (घ

**प्रश्न 1. यह पत्र किसने, किसे और कहाँ से लिखा?**

उत्तर—यह पत्र मोहनदास करमचंद गाँधी ने अपने पुत्र मणिलाल गाँधी को प्रिटोरिया जेल से लिखा है। (दक्षिण अफ्रीका)

**प्रश्न 2. गाँधी जी को जेल में कितने पत्र लिखने और प्राप्त करने का अधिकार था?**

उत्तर—गाँधी जी को प्रतिमास एक पत्र लिखने और एक पत्र प्राप्त करने का अधिकार था।

**प्रश्न 3. इस पत्र में गाँधी जी ने किस बात पर विशेष ज़ोर दिया है?**

उत्तर—गाँधी जी ने तीन बातों पर विशेष बल दिया है—अपनी आत्मा का, अपने आपका और ईश्वर का सच्चा ज्ञान प्राप्त करना।

**प्रश्न 4. संस्कृत और गणित पर छोटी उम्र में ध्यान क्यों देना चाहिए?**

उत्तर—ये दोनों विषय बड़ी उम्र में सीखना कठिन है।

**लिखित प्रश्न**

**प्रश्न 1. पत्र में गाँधी जी ने अपने बारे में क्या बताया है?**

उत्तर—गाँधी जी ने पत्र में अपने बारे में बताया कि मैं यहाँ पूर्णरूप से शांति में ह।

**प्रश्न 2. 'बा' कौन थीं? गाँधी जी ने 'बा' के बारे में क्या पूछा है? इससे क्या पता चलता है?**

उत्तर—'बा' कस्तूरबा गाँधी थीं। गाँधी जी ने उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा है। इससे पता चलता है कि गाँधी जी को देश के साथसाथ अपने परिवार की जिम्मेदारियों- का अहसास था।

**प्रश्न 3. गाँधी जी के अनुसार सच्ची शिक्षा क्या है?**

उत्तर—गाँधी जी के अनुसार केवल अक्षर ज्ञान ही शिक्षा नहीं है। सच्ची शिक्षा तो चरित्रनिर्माण - और कर्तव्य का बोध है।

**प्रश्न 4. गाँधी जी के अनुसार कौनसी तीन बातें महत्वपूर्णहैं-?**

उत्तर—गाँधी जी के अनुसार ये तीन बातें महत्वपूर्ण हैं—अपनी आत्मा का, अपने आपका और ईश्वर का सच्चा ज्ञान प्राप्त करना।

**प्रश्न 5. गाँधी जी अपने पुत्र को क्या बनाना चाहते थे? इसके लिए उन्होंने क्याक्या - हिदायतें दीं?**

उत्तर—गाँधी जी अपने पुत्र को किसान बनाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने हिदायतें दी कि खते में खास और गड्ढेखोदने में पूरा समय देना तथा सभी औज़ारों को साफ एवं सुव्यवस्थित रखना।

**प्रश्न 6. गाँधी जी ने प्रार्थना का सबसे अच्छा समय कब बताया है?**

उत्तर—सूर्योदय से पहले उठकर प्रार्थना करना गाँधी जी ने प्रार्थना के लिए सबसे अच्छा समय बताया है।

**प्रश्न 7. इस पत्र से गाँधी जी की किसकिस विशेषता पर प्रकाश पड़ता है-?**

उत्तर—इस पत्र को पढ़कर हमें गाँधी जी बहुत सुलझे हुए व्यक्ति प्रतीत हुए। वे नियमों का पालन करने वाले और सीधासरल जीवन जीने वाले थे। वे शिक्षा का- व्यवहारिक रूप जानते थे।

**सोचो और अपने विचार लिखो**

**प्रश्न 1. सच्ची शिक्षा क्या है?**

उत्तर—चरित्र निर्माण और कर्तव्यपरायणता ही सच्ची शिक्षा है।

**प्रश्न 2. भजनों का संग्रह कब मूल्यवान प्रतीत होता है?**

उत्तर—वर्ष के अंत में भजनों का संग्रह मूल्यवान प्रतीत होता है।

**प्रश्न 3. नियमितता जीवन में सहायक कैसे होती है?**

उत्तर—नियमित समय पर काम करने वाला व्यक्ति कभी असफल नहीं होता, इसलिए नियमितता जीवन में सहायक होती है।

**: अर्थलिखो**

स्वास्थ्य—सेहत
मूल्यवान—कीमती
कर्तव्य—जिम्मेदारी
सद्‌गुण—अच्छे गुण
असंतोष—तसल्ली न होना
सूर्योदय—सूर्य का उदय,
सर्वथा—बिल्कुल सूर्य निकलने का समय

**रिक्त स्थानों की पूर्ति करो**

1. विशेष कुछ कहने का अधिकार मुझे नहीं है।
2. संसार में तीन बातें बहुत महत्वपूर्ण हैं।
3. खेत में घास और गड्ढेखोदने में पूरा समय देना।
4. सूर्योदय से पहले उठकर प्रार्थना करना बहुत ही अच्छा है।

5. गणित और संस्कृत विषय बड़ी उम्र में सीखना कठिन है।

## 9. यह देश एक है

### अभ्यास-प्रश्न

**बोध और विचार**

**बहुविकल्पी प्रश्न**

उत्तर—1. (ख (2. (क (3. (क (4. (घ (5. (ग (6. (घ (7. (ख( (क (

**मौखिक प्रश्न**

**प्रश्न 1. जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में भारत का कौन-सा स्थान है?**

उत्तर—दूसरा।

**प्रश्न 2. 'धरती का स्वर्ग' किसे कहा जाता है?**

उत्तर—कश्मीर को।

**प्रश्न 3. पहाड़ी एवं रेगिस्तानी इलाके के लोग साहसी एवं निडर क्यों होते हैं?**

उत्तर—क्योंकि उन्हें अधिक परिश्रम करना पड़ता है।

**प्रश्न 4. पर्वतीय भागों के लोग कैसे वस्त्र पहनते हैं?**

उत्तर—पर्वतीय भागों के लोग ऊनी वस्त्र पहनते हैं।

**प्रश्न 5. भारत की राष्ट्रभाषा क्या है?**

उत्तर—हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा है।

**प्रश्न 6. भारत में बोली जाने वाली कुछ भाषाओं के नाम बताओ।**

उत्तर—हिंदी, गुजराती, बंगाली, उड़िया, कन्नड, मलयालम आदि।

**प्रश्न 7. भारत में कौन-कौन से धर्ममानने वाले लोग रहते हैं?**

उत्तर—भारत में हिंदू, सिक्ख, इस्लाम, ईसाई धर्म मनाने वाले लोग रहते हैं।

**प्रश्न 8. कुछ धर्म स्थलों के नाम बताओ।**

उत्तर—बिरला मंदिर, स्वर्ण मंदिर, कोणार्क मंदिर, जामा मस्जिद, इस्कॉन टैंपल आदि।

**(ख (लिखित प्रश्न**

**प्रश्न 1. प्राकृतिक दृष्टि से भारत की विशेषताएँ बताइए।**

उत्तर—प्राकृतिक दृष्टि से भारत विभिन्नताओं का देश है। कहीं पहाड़ ही पहाड़, कहीं रेत ही रेत, कहीं जल ही जल दिखाई देता है। कहीं ठंडे प्रदेश हैं तो कहीं गर्म प्रदेश हैं। भारत पर्वतों और नदियों से बँटा हुआ है।

**प्रश्न 2. कश्मीर क्यों प्रसिद्ध है?**

उत्तर—कश्मीर भारत के उत्तरी छोर पर स्थित है। इसे 'धरती का स्वर्ग' कहा जाता है। यहाँ हरी-भरी घाटियाँ, डल झील में तैरते शिकारे, शालीमार और निशात बाग पर्यटकों का मन मोह लेते हैं। कश्मीर अपने अनुपम सौंदर्य के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है।

**प्रश्न 3. जलवायु की भिन्नता का प्रभाव किस-किस रूप में दिखाई देता है?**

उत्तर—जलवायु की भिन्नता का प्रभाव लोगों के रहन-सहन, वेशभूषा एवं खानपान पर पड़ता है। पर्वतीय प्रदेशों में ठंड के कारण लोग ऊनी कपड़े पहनते हैं जबकि समुद्रतटीय प्रदेशों के लोग सूती कपड़े पहनते हैं।

**प्रश्न 4. 'विभिन्नता में एकता भारत की विशेषता है'—कैसे?**

उत्तर—भारत में विभिन्नता में भी एकता है। यहाँ के लोग धर्म-संप्रदाय, रीति- रिवाज, रहन-सहन आदि भेदों को भूलकर देश की एकता और अखंडता में विश्वास रखते हैं। भारत में भिन्न-भिन्न भाषाएँ बोली जाती हैं परंतु अधिकांश भाषाओं पर संस्तकृ का प्रभाव **प्रश्न 5. धार्मिक स्वतंत्रता का पालन करते समय हमें किस बात का ध्यान रखना चाहिए?**

उत्तर—हमें सदैव यह ध्यान रखना चाहिए कि हमारे द्वारा दूसरे धर्म के अनयुायी की भावना को ठेस न पहुँचे।

**प्रश्न 6. देश के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है?**

उत्तर—देश की एकता को बनाए रखना ही हमारा कर्तव्य है। हमें अपने देश से तथा देशवासियों से प्रेम का व्यवहार करना चाहिए।

**(ग (रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. विश्व के **मानचित्र** पर भारत महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

2. कश्मीर की जलवायु **मध्य एशिया** की जलवायु के समान है।

3. भारत के दोनों छोरों की **जलवाय** में पर्याप्त अंतर है।

4. जलवायु का **प्रभाव** वेशभूषा पर भी पड़ता है

।5. ध्यानपूर्वक देखें तो ये विविधताएँ **ऊपरी** हैं।

6. भारत की अधिकांश भाषाओं पर **संस्कृत** का प्रभाव है।

## व्याकरण

### पाठ-6 सर्वनाम

### अभ्यास

**(ग (रिक्त स्थानों में उचित सर्वनाम भरिए**

1. तुम्ह देने के लिए मेरे पास कुछ नहीं है।

2. क्या तुम घूमने चलोगे ?

3. छत पर कौन सो रहा है ?

4. कोई चिल्ला रहा है।

5. मैं कुछ भी नहीं जानता।

**(घ (नीचे लिखे वाक्यों में अशुद्ध सर्वनाम की जगह उसका शुद्ध रूप लिखिए**

1. मैंने आज खेलना नहीं है। मुझे आज खेलना नहीं है।

2. दूध में कौन गिर गया है ? दूध में क्या गिर गया है ?

3. तुम कौन से मदद माँग रहे हो ? तुम किससे मदद माँग रहे हो ?

4. दरवाज़े पर कुछ आया है। दरवाज़े पर कोई आया है।

**(ङ (कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से रिक्त स्थान भरें**

1. सर्वनाम वे शब्द होते हैं जो **संज्ञा** के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं।)संज्ञा, क्रिया(

2. सर्वनाम के मख्ुयतः **छह** भेद होते हैं।) छह, सात(

3. 'तुम क्या कर रहे हो ?' में तुम **पुरुषवाचक** सर्वनाम है। (पुरुषवाचक, निजवाचक(

4. अनिश्चित का बोध **अनिश्चयवाचक** सर्वनाम से होता है। (अनिश्चयवाचक, प्रश्नवाचक(

5. जो, जैसा, जिसका, उसका, वैसा आदि **संबंधवाचक** सर्वनाम है। (संबंधवाचक, निजवाचक(

छ (निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों से एक-एक वाक्य बनाएँ

| सर्वनाम | वाक्य |
|---|---|
| 1. किसका - | यह बैग किसका है ? |
| 2. वह - | वह स्कूल जाता है। |
| 3. उसे - | उसे यहाँ बुलाओ। |
| 4. तुम्हें – | तुम्हें किससे मिलना है ? |
| 5. हम - | हम कल घूमने जा रहे हैं। |
| 6. जैसे- | जैसे जैसे-जैस शाम ढलने लगी, वैसे-वैसे माँ की चिंता बढ़ने लगी। |

(ज (सही मिलान करें

1. सर्वनाम )क (मैं, हम

2. पुरुषवाचक )ख (स्वयं

3. उत्तम पुरुष )ग (कुछ

4. निजवाचक (घ( छह

5. अनिश्चयवाचक (ङ( तीन

उत्तर— 1. (घ (2. (ङ (3. (क (4. (ख (5. (ग(